नियोजन एवं प्रबंधन विभाग डायट डीडीहाट पिथौरागढ़ द्वारा सत्र 2023–24 में संपादित कार्य

1. **कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन**
    - दिनॉक 08.06.2023

    स्थान–जिलाधिकारी कार्यालय सभागार पिथौरागढ़

सत्र 2023–24 की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट के प्रस्तावित कार्यक्रम एवं गतिविधियों के लिए जिलाधिकारी पिथौरागढ़ श्रीमती रीना जोशी एवं पी.ए.सी. सदस्यों से अनुमोदन प्राप्त किया गया।जिसकी आख्या एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड,देहरादून को प्रेषित की गई।

2.वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2024– 25 डॉकुमेंट निर्माण कार्य

दि. 1 जनवरी 2024 से दि. 06 जनवरी 2024

स्थान– एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड,देहरादून

सत्र 2024–25 की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम एवं गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की एवं एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड,देहरादून में स्वीकृति हेतु डॉकुमेंट जमा किया गया।

3. सत्र 2024 की इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा गृहविज्ञान विषय में अंकयोजना निर्माण कर हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल) को प्रेषित की गई।

4. जिला स्तरीय राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन डायट डीडीहाट में दिनॉक 25 अक्टूबर 2023 को किया गया । जिसमें कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय दशाईथल गंगोलीहाट की छात्राओं ने लोक नृत्य ,रोल प्ले , निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया तत्पश्चात छात्राओं द्वारा राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। जिसकी आख्या एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड,देहरादून को प्रेषित की गई।

5. डीडीहाट एवं कनालीछीना ब्लॉक के विद्यालयों में शैक्षिक अनुश्रवण कार्य एवं मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति परीक्षा जूनियर स्तर (कक्षा 6) 2023–24 अटल आदर्श रा.इ.का.जौरासी में पर्यवेक्षण का कार्य किया।

6. दिनॉक 8 जनवरी 2024 से दिनांक 12 जनवरी 2024 तक आई.आई.टी .मुम्बई में नियोजन टीम की स्ट्रेटजिक प्लानिंग एवं एक्शन प्लान कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

7. डी.एल.एड. कक्षाओं में शिक्षक की पहचान एवं स्व का विकास विषय में शिक्षण एवं आंतरिक मूल्यांकन कार्य किया।

8 .दिनॉक 18 एवं 19 अगस्त 2024 को एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड,देहरादून में वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023–24 की प्रगति की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया।